Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Lalitpur-Singrauli Rail Project of Siddhi Parliamentary Constituency

श्रीमती रीती पाठक (सीधी): महोदय, आज मैं अपने क्षेत्र की बहुत पुरानी समस्या को लेकर फिर से उपस्थित हुई हूं। यहां एक बड़ी और बहुत पुरानी परियोजना है। इस परियोजना के माध्यम से हमारे सीधी जिले का रेल का सपना साकार होगा। आज तक मेरे संसदीय क्षेत्र के सीधी जिले में रेल नहीं पहुंची है। इससे भी बड़ी कठिनाई आज हम सबके समक्ष आ रही है।

ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना मेरे संसदीय क्षेत्र सीधी के लिए बहुत बड़ी और महत्वाकांक्षी परियोजना है। क्षेत्रवासियों की वर्षों की आशायें इससे जुड़ी हुई हैं।

महोदय, मैं आपको अवगत कराना चाहती हूं कि उक्त परियोजना में भू-अधिग्रहण के बदले रोजगार हेतु सन् 2010 में जब हमारे क्षेत्र के लोगों की जमीनें ली गई थीं, तो उसके तहत कम से कम 2,086 लोगों ने आवेदन किया था। उनमें से मात्र 1,153 लोगों को अभी तक रोजगार मिल पाया है। मैं माननीय मंत्री जी के संज्ञान में यह विषय लाना चाहती हूं। कल मैंने उनसे मिलकर अपना आवेदन दिया था और अपने क्षेत्रवासियों की तरफ से आग्रह भी किया था कि 11.11.2019 में जब एक आदेश रेल बार्ड की तरफ से जारी किया गया था तो उस आदेश के तहत मेरे यहां इस परियोजना में जिन लोगों की भूमि अधिगृहीत हुई थी, उनको नौकरियां दी जा रही थीं। लेकिन, अब पता नहीं क्या हो गया है? मैं माननीय नरेन्द्र भाई मोदी जी से भी आग्रह करना चाहती हूं, अश्वनी वैष्णव जी से भी आग्रह करना चाहती हूं, जो इतना बड़ा रेल मंत्रालय देख रहे हैं और मैं उनसे यह निवेदन करना चाहती हूं कि भूमि-अधिग्रहण के बदले में नौकरियां बंद न की जाएं, रोजगार दिया जाए। लोग बड़ी कठिनाई में हैं। जो किसान हैं, युवा हैं, उनका परिवार, सभी लोग इस प्रतीक्षा में हैं कि किस तरह से हमें इस परियोजना में जिसमें उनकी जमीनें गई हैं, उसके बदले उन्हें नौकरियां मिलेंगी।

मैं अपने पूरे संसदीय क्षेत्र की ओर से वहां की सांसद होने के नाते और इस सदन की सदस्य होने के नाते, आपके माध्यम से आदरणीय नरेन्द्र भाई मोदी जी से, हमारी सरकार से और माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करती हूं कि भूमि-अधिग्रहण के बदले ललितपुर-सिंगरौली रेलवे परियोजना में हमारे युवाओं को रोजगार प्रदान किया जाए।